Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

कक्षा - 11

इतिहास

विश्व इतिहास के कुछ विषय


अनुभाग-4 : आधुनिकीकरण की ओर

विषय-6 : मूल निवासियों का विस्थापन

भाग-2

अमरीका के मूल निवासियों का इतिहास

निर्मल सिंह




Under CSR Support by
ipca | Foundation

विवरण (Overview)

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

1. यूरोपीय साम्राज्यवाद
2. अमरीका के मूल निवासियों का इतिहास
3. ऑस्ट्रेलिया के मूल निवासियों का इतिहास



Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

अमरीका के मूल निवासियों का इतिहास

उत्तरी अमरीका

- उत्तरी अमरीका का महाद्वीप उत्तरध्रुवीय वृत्त से लेकर कर्क रेखा तक और प्रशांत महासागर से अटलांटिक महासागर तक फैला है।
- पथरीले पहाड़ों की श्रृंखला के पश्चिम में अरिज़ोना और नेवाडा की मरुभूमि है।
- थोड़ा और पश्चिम में सिएरा नेवाडा पर्वत हैं।

Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- पूरब में ग्रेट मैदानी इलाके, ग्रेट झीलें, मिसीसिपी और ओहियो और अप्पालाचियाँ पर्वतों की घाटियाँ हैं।
- दक्षिण दिशा में मेक्सिको है।
- तेल, गैस और खनिज संसाधन के कारण संयुक्त राज्य अमरीका और कनाडा में ढेरों बड़े उद्योग हैं।
- आजकल कनाडा में गेहूँ, मकई और फल बड़े पैमाने पर पैदा किए जाते हैं।

Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- मत्स्य-उद्योग वहाँ का एक महत्त्वपूर्ण उद्योग है।
- खनन, उद्योग और बड़े पैमाने की खेती का विकास यूरोप, अफ्रीका और चीन के आप्रवासियों के हाथों हुआ है।



Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

मूल निवासी

30,000 साल पहले	उत्तरी अमरीका के सबसे पहले बाशिंदे बेरिंग स्ट्रेट्स के आरपार फैले भूमि-सेतु के रास्ते एशिया से आए।
10,000 साल पहले	आखिरी हिमयुग के दौरान वे और दक्षिण की तरफ़ बढ़े।
11,000 साल पुरानी	अमरीका में मिलनेवाली सबसे पुरानी मानव कृति- एक तीर की नोक है।
5000 साल पहले	जब जलवायु में ज्यादा स्थिरता आई, तब आबादी बढ़नी शुरू हुई।



Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

नोट

'नेटिव' (मूल बाशिंदा) : ऐसा व्यक्ति, जो अपने मौजूदा निवास स्थान में ही पैदा हुआ था। बीसवीं सदी के आरंभिक वर्षों तक यह पद यूरोपीय लोगों द्वारा अपने उपनिवेशों के बाशिंदों के लिए इस्तेमाल होता था।

होपी : कैलीफोर्निया के निकट रहने वाले आदिवासी हैं।

Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER


- ये लोग नदी घाटी के साथ-साथ बने गाँवों में समूह बना कर रहते थे।
- वे मछली और मांस खाते थे, और सब्ज़ियाँ तथा मकई उगाते थे।
- मुख्य रूप से उन्हें 'बाइसन' की तलाश रहती थी।



Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- सत्रहवीं सदी से इन मूल निवासियों ने घुड़सवारी शुरू कर दी।
- वे घोड़े स्पेनी आबादकारों से खरीदते थे।
- उन्होंने बड़े पैमाने पर खेती करने की कोई कोशिश नहीं की।
- उन्होंने राजशाही और साम्राज्य का विकास नहीं किया।
- वे ज़मीन से मिलनेवाले भोजन और आश्रय से संतुष्ट थे।



Under CSR Support by ipca | Foundation

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER


- उनकी परंपरा की महत्त्वपूर्ण विशेषता थी-
  - औपचारिक संबंध।
  - दोस्तियाँ कायम करना।
  - उपहारों का आदान-प्रदान करना।
- वे कुशल कारीगर थे और खूबसूरत कपड़े बुनते थे।
- वे जलवायु और विभिन्न भू-दृश्यों को समझ सकते थे।



Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

☛ किसी समझौते के बाद स्थानीय कबीलों के बीच वेमपुम बेल्ट का आदान-प्रदान होता था।



↳ वेमपुम बेल्ट

Under CSR Support by
ipca | Foundation


missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- यूरोपीय व्यापारी सत्रहवीं सदी में समुद्री अभियान से उत्तरी अमरीका के उत्तरी तट पर पहुँचे।
- ये लोग मछली और रोंएदार खाल के व्यापार के लिए आए थे।
- स्थानीय उत्पादों के बदले में यूरोपीय लोग वहाँ के बाशिंदों को कंबल, लोहे के बर्तन, बंदूकें और शराब देते थे।

Under CSR Support by ipca | Foundation

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER

- वहाँ के बाशिंदे शराब की आदत के शिकार हो गए।
- इसने यूरोपीय लोगों को व्यापार के लिए अपनी शर्तें थोपने में सक्षम बनाया।
- यूरोपीय लोगों ने उन मूल निवासियों से तंबाकू की आदत ग्रहण की।




Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

पारस्परिक धारणाएँ

- अठारहवीं सदी में पश्चिमी यूरोप के लोग 'सभ्य' मनुष्य की पहचान साक्षरता, संगठित धर्म और शहरीपन के आधार पर ही करते थे।
- उन्हें अमरीका के मूल निवासी 'असभ्य' प्रतीत हुए।
- फ्रांसीसी दर्शनशास्त्री ज्यां जैक रूसो के लिए ऐसे लोग तारीफ़ के काबिल थे, क्योंकि वे 'सभ्यता' की विकृतियों से अछूते थे।



Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER


- इसके लिए एक प्रचलित पद था, 'उदात्त उत्तम जंगली'।
- मूल निवासियों को यूरोप में स्थित 'बाज़ार' का ज़रा भी बोध नहीं था।



Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER


- 17वीं सदी से यूरोपीय लोगों के कुछ समूह उत्पीड़न के शिकार थे।
- उनमें से बहुतेरों ने यूरोप छोड़ दिया और अमरीका चले गए।
- धीरे-धीरे वे मूल निवासियों के गाँवों की ओर बढ़े।
- उन्होंने खेती के लिए लोहे के औज़ारों का इस्तेमाल कर जंगलों की सफाई की।



Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- कनाडा और संयुक्त राज्य अमरीका 18वीं सदी के अंत में वजूद में आए।
- संयुक्त राज्य अमरीका ने कई विशाल क्षेत्रों की खरीद की।
- उन्होंने दक्षिण में फ्रांस (लुइसियाना परचेज़) और रूस (अलास्का) से ज़मीन खरीदी।



Under CSR Support by ipca Foundation

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER



Under CSR Support by ipca | Foundation


missiongyan LET'S LEARN TOGETHER

- दक्षिणी सं.रा.अ. का अधिकतर हिस्सा मेक्सिको से ही जीता गया है।
- 19वीं सदी में अमरीका के भूदृश्य में ज़बर्दस्त बदलाव आए।
- ब्रिटेन और फ्रांस से आए कुछ प्रवासी अमरीका में ज़मीन के मालिक बनना चाहते थे।
- बाद में जर्मनी, स्वीडन और इटली जैसे मुल्कों से ऐसे आप्रवासी उमड़ पड़े, जो ऐसी ज़मीन चाहते थे, जिसे अपना कह सकें।

Under CSR Support by ipca | Foundation

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER

- पोलैंड से आए लोगों को प्रेयरी चारागाहों में कम कीमत पर बड़ी संपत्तियाँ खरीदना बहुत रास आ रहा था।
- उन्होंने ऐसी फसलें (धान और कपास) उगाई, जो यूरोप में नहीं उगाई जा सकती थीं।
- अपने खेतों को जंगली जानवरों बचाने के लिए उन्होंने शिकार के ज़रिए उनका सफ़ाया कर दिया।



Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- 1873 में कँटीले तारों की खोज के बाद ही वे अपने को पूरी तरह सुरक्षित महसूस कर पाए।
- दक्षिणी इलाके की जलवायु यूरोपीय जनों के लिए काफ़ी गर्म थी।
- इसीलिए बागान मालिकों ने अफ्रीका से दास खरीदे।
- दासप्रथा विरोधी समूहों के विरोध के चलते दासों के व्यापार पर तो रोक लग गई।



Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- संयुक्त राज्य अमरीका के उत्तरी राज्यों ने दासप्रथा को एक अमानवीय प्रथा बताया।
- दासता विरोधियों की जीत हुई और दासप्रथा खत्म कर दी गई।
- अफ्रीकी मूल के अमरीकियों को नागरिक स्वतंत्रता 20वीं सदी में मिली।



Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

अपनी ज़मीन से मूल बाशिंदों की बेदखली

- संयुक्त राज्य अमरीका ने अब अपनी बस्तियों का विस्तार किया।
- ज़मीन की बिक्री के समझौते पर दस्तखत कराने के बाद मूल निवासियों को वहाँ से हटाया गया।
- जॉर्जिया संयुक्त राज्य अमरीका का एक राज्य है।

Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER


- यहाँ के अधिकारियों ने चिरोकी कबीला को राज्य के नागरिक अधिकारों से वंचित रखना चाहा।
- चिरोकियों को अपनी ज़मीन से खदेड़ने के लिए अमरीकी फौज भेज दी गई।
- खेती की जमीन निकालने के लिए प्रेयरीज साफ की गईं और जंगली भैंसों को मारा गया।



Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- मूल निवासियों की ज़मीन के अंदर सीसा, सोना या तेल जैसे खनिज का पता चलने पर भी उन्हें बेदखल कर दिया जाता था।
- मूल निवासी छोटे इलाकों में कैद कर दिए गए थे।
- जिन्हें 'रिज़र्वेशन्स' (आरक्षण) कहा जाता था।
- ये ऐसी ज़मीन होती थी, जिसके साथ उनका कोई रिश्ता नहीं होता था।



Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- संयुक्त राज्य की फ़ौज ने 1865 से 1890 के बीच विद्रोहियों दमन किया था।
- कनाडा में 1869 से 1885 के बीच मेटिसों के सशस्त्र विद्रोह हुए थे।
- लेकिन इन लड़ाइयों के बाद उन्होंने हार मान ली।
- मेटिसों - यूरोपीय मूल निवासियों के वंशज।



Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

गोल्ड रश और उद्योगों की वृद्धि


- 1840 में कैलीफोर्निया में सोने के कुछ चिह्न मिले।
- इसने 'गोल्ड रश' को जन्म दिया।



Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- इसके चलते हज़ारों की संख्या में यूरोपीय लोग अमरीका पहुँचे।
- महाद्वीप में रेलवे लाइनों का निर्माण हुआ जिसके लिए हजारों चीनी श्रमिकों की नियुक्ति हुई।
- 1870 में संयुक्त राज्य अमरीका में रेलवे का काम पूरा हुआ।
- 1885 में कनाडा की रेलवे का काम पूरा हुआ।



Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

☛ एंड्रिड कार्नेगी ने, कहा "पुराने राष्ट्र घोंघे की चाल से सरकते हैं, नया गणराज्य किसी एक्सप्रेस की गति से दौड़ रहा है।"




Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

☛ उत्तरी अमरीका में उद्योग विकसित होने के कारण –


- ✧ रेलवे के साज़-सामान बनाने के लिए ताकि दूर-दूर की जगहों को जोड़ा जा सके।
- ✧ ऐसे यंत्रों का उत्पादन करना जिनसे बड़े पैमाने की खेती को आसान बनाया जा सके।



Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- 1890 में अमेरिका दुनिया की अग्रणी औद्योगिक शक्ति बन चुका था।
- 1892 में संयुक्त राज्य अमरीका का महाद्वीपीय विस्तार पूरा हो चुका था।
- अमरीका एक साम्राज्यवादी शक्ति बन चुका था।




Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

संवैधानिक अधिकार

- संविधान में व्यक्ति के 'संपत्ति के अधिकार' को शामिल किया गया।
- जिसे रद्द करने की छूट राज्य को नहीं थी।
- लेकिन लोकतांत्रिक अधिकार और संपत्ति का अधिकार, दोनों सिर्फ गोरे लोगों के लिए थे।



Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

बदलाव की लहर...

- संयुक्त राज्य अमरीका में 1928 में समाजवैज्ञानिक लेवाइस मेरिअम के निर्देशन में एक सर्वेक्षण प्रकाशित हुआ।
- 'दि प्रॉब्लम ऑफ इंडियन एडमिनिस्ट्रेशन' जिसमें रिज़र्वेशन्स में रह रहे मूल निवासियों की स्वास्थ्य एवं शिक्षा सुविधाओं की दरिद्रता का चित्र प्रस्तुत किया गया था।

Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

☛ इंडियन रीऑर्गनाईजेशन एक्ट (1934)


✧ रिज़र्वेशन्स में मूल निवासियों को ज़मीन खरीदने और ऋण लेने का अधिकार हासिल हुआ।



Under CSR Support by ipca | Foundation

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER


☛ 'डिक्लेरेशन ऑफ इंडियन राइट्स' (1954) में मूल निवासियों ने इस शर्त के साथ सं.रा.अ. की नागरिकता स्वीकार की कि उनके रिज़र्वेशन्स वापस नहीं लिए जाएँगे और उनकी परंपराओं में दखलंदाज़ी नहीं की जाएगी।



Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- 1969 में सरकार ने घोषणा की कि वह "आदिवासी अधिकारों को मान्यता नहीं देगी।"
- मूल निवासियों ने सुसंगठित तरीके से इसका विरोध किया।
- 1982 में एक संवैधानिक धारा के तहत मूल निवासियों के मौजूदा आदिवासी अधिकारों और समझौता-आधारित अधिकारों को स्वीकृति मिली।




Under CSR Support by ipca | Foundation

सीखने के प्रतिफल (Learning Outcomes)

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER

1. मूल निवासियों से सम्बन्धित एक्ट
2. गोल्ड रश



Under CSR Support by
ipca | Foundation

मूल्यांकन (Assessment)

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

1 यूरोपीय उत्तरी अमरीका से क्या खरीदना चाहते थे?

अ गेहूँ

ब सुअर

स मछली और रोंएदार खाल

द मक्खन





2 गोल्ड रश अमरीका के किस राज्य से सम्बन्धित है?

अ कैलीफोर्निया

ब न्यूयार्क

स वाशिंगटन

द उपरोक्त में से कोई नहीं





3 | इंडियन रीऑर्गनाइजेशन एक्ट कब पारित हुआ?

अ 1904 ई. में

ब 1926 ई. में

स 1934 ई. में

द 1948 ई. में





4 उत्तरी अमरीका के मूल निवासियों की मुख्य विशेषता मछली व माँस खाना और सब्जी और मकई उगाना था।

अ सत्य

ब असत्य





5 | प्रेयरी चरागाह ---------- में स्थित है।

उत्तरी अमरीका

